हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

11 सफाई कर्मचारियों का लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन



12 सचखंड साहिब में 20वां भव्य बैसाखी गुरुमत समागम शुरू



## खबर संक्षेप

### गैर-अधिकृत कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें : डीसी

**बहादुरगढ़।** बिना लाइसेंस, सीएलयू, एनओसी प्राप्त किए बहादुरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने की रिपोर्ट जिला प्रशासन के संज्ञान में आई है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि बहादुरगढ़ में मुस्तकील/किला नंबर 914 व 915 में कोई भी व्यक्ति जमीन की खरीदारी न करें। बिजली निगम इस क्षेत्र में किसी प्रकार के बिजली कनेक्शन जारी न करे।

### परिवेदना समिति की बैठक 27 अप्रैल को

**झज्जर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं स्थायी समाधान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक सोमवार को लघुसचिवालय स्थित संवाद भवन में दोपहर बाद दो बजे शुरू होगी। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सीटीएम रितु बंसीवाल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 परिवाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं।

### क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल 28 को

**बहादुरगढ़।** जिला क्रिकेट संघ झज्जर द्वारा अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 28 अप्रैल को किया जाएगा। यह ट्रायल नयागांव में स्थित श्रीश्याम क्रिकेट अकादमी में सुबह सात बजे शुरू होगा। यह चयन प्रक्रिया हरियाणा क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशों के तहत संपन्न कराई जाएगी। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समय पर अपने पूरी क्रिकेट किट और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। संघ के डायरेक्टर देवेन राठी ने बताया कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह ट्रायल आयोजित किया जा रहा है।

### गर्मी का प्रकोप जारी पारा 41 डिग्री पार

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में शुक्रवार को भी भीषण गर्मी से लोगों को कोई राहत नहीं मिली। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के व सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखने की भी हिदायत दी गई है।

## 960 नशीले कैप्सूल व 75 कफ सिरप बरामद, आरोपी काबू

# कार में नशे का गोदाम

- नूना माजरा में सरकारी स्कूल के पीछे कार के साथ आसौदा निवासी अनुज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में नशे का कारोबार और युवाओं में इसकी लत की समस्या तेजी से पांव पसार रही है। स्मैक, चिट्टा, गांजा, नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप जैसे मादक पदार्थों की उपलब्धता न केवल युवाओं का भविष्य निगल रही है, बल्कि समाज के लिए भी खतरा बनी है। नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान और सख्त कार्रवाई किए जाने के बावजूद यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। शहर और आसपास के इलाकों में नशे की बिक्री तथा तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

इसी बीच पुलिस की एंटी नार्कोटिक सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। एएसआई सोहन के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूना माजरा क्षेत्र में कार्रवाई की। सूचना थी कि एक युवक सरकारी स्कूल के पीछे कार में नशीली दवाइयां बेच रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आई-20 कार को रोका और युवक को काबू में लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर गाड़ी से 960 नशीले कैप्सूल और 75 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किए गए। ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर ने भी पुष्टि की है कि बरामद दवाइयां प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव आसौदा निवासी अनुज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी कब से इस अवैध कारोबार में शामिल था, उसके साथ कौन-कौन लोग जुड़े हैं, नशीली दवाइयों की सप्लाई कहां से होती थी और किन-किन लोगों तक यह पहुंचाई जाती थी।

### पार्क बने नशे के अड्डे, लोग परेशान

पुलिस आए दिन स्मैक, चिट्टा, गांजा, नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप जैसे पदार्थों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन इसके बावजूद



बहादुरगढ़। पार्क में पड़ी खाली सीरिंज।

नशे का नेटवर्क नहीं टूट रहा। हालात ये हैं कि शहर के अधिकांश पार्कों में दिनभर नशेड़ी खुलेआम दिखाई देते हैं। इससे आम लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में सरकारी अस्पताल के पास की बस्तियों, छोटूराम नगर, किला मोहल्ला सहित कई क्षेत्रों में नशे की बिक्री की शिकायतें आम हो गई हैं।

### नशे की सूचना पुलिस को दें : एसआई

एसआई सत्यप्रकाश सिंह का कहना है कि पुलिस अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को नशे के नुकसान बताए जा रहे हैं। कुछ लोग जागरूक भी हो रहे हैं। इस समस्या के जड़ से खात्मे के लिए आम नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। जन प्रतिनिधि व मौजिज लोग अपने आसपास नजर बनाए रखें। यदि कोई नशीला पदार्थ बेचता है, तो उसकी शिकायत करें। अभिभावक भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें ताकि समय रहते उन्हें संभाला जा सके। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों या अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों से जोड़ें ताकि उनमें भटकाव न हो।

# गांव मांडोठी में पीट पीटकर व्यक्ति की हत्या, घर में घुसने का था शक

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। हत्या का केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय कृष्ण के रूप में हुई है। मांडोठी गांव का कृष्ण खेती बाड़ी करता था। मामले में सामने आया है कि वीरवार की सुबह कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट में उसे काफी चोट आई। उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पीजीआई रोहतक गई और आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों के बयान दर्ज किए। बयान के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक कृष्ण दो बच्चों का पिता था। हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान के संबंध में फिलहाल पुलिस कोई पुष्टि नहीं कर रही। चर्चा है कि मृतक किसी मकान में घुसा था। उसी शक में उसके साथ मारपीट की गई और फिर उसकी जान चली गई। असल वजह जांच का विषय है। चौकी प्रभारी सुनील कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### ऐतिहासिक मकबरे में मिला प्रवासी महिला का शव



झज्जर। घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस टीम।

**झज्जर।** शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक मकबरे में अज्ञात प्रवासी महिला का शव मिला है। मकबरे में महिला का शव पड़ा होने की सूचना पर आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई और काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी अनिरूद्ध चौहान भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया।

# विवेकानंद नगर में नई सीवर लाइन बिछनी शुरू



बहादुरगढ़। विवेकानंद नगर में सीवर लाइन बिछाने के काम का हुआ शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विवेकानंद नगर में एमआईई की तरफ जाने वाले रास्ते पर साढ़े 300 फीट नई सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। इसके उपरांत सड़क भी बनाई जाएगी। इस पर करीब 50 लाख रुपये की लागत आएगी। लोगों ने विधायक राजेश जून से इस समस्या के समाधान और सड़क बनवाने की मांग की थी।

इस मार्ग पर कई वर्षों से सीवर लाइन क्षतिग्रस्त पड़ी थी। इसके चलते आए दिन सीवर जाम की समस्या बनी रहती थी और बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति गंभीर हो जाती थी। विधायक राजेश जून के निर्देश पर नई सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विधायक राजेश जून का आभार जताया है।

# संदिग्ध हालात में युवक ने जहर निगलकर दी जान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोनू पुत्र धर्मबीर के तौर पर हुई है। वह अविवाहित था और एक निजी कंपनी में काम करता था।

मामले के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि परिजनों के अनुसार मोनू पिछले तीन-चार माह से मानसिक रूप से परेशान था। इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ निगलकर अपनी जान दे दी। परिजनों के बयान के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत

- कोसली मार्ग पर छावनी गेट के नजदीक हादसा, बच्ची के सिर से उठा पिता का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के कोसली मार्ग पर छावनी गेट के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय सिलानी गेट निवासी अजीत पुत्र अर्जुन सिंह के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार अजीत वीरवार की दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे अपनी पत्नी के साथ किसी काम से खाजपुर गांव जाने के लिए निकला था। जब वे कोसली रोड स्थित छावनी गेट पर पहुंचे तो अजीत को एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अजीत गाड़ी के बोनट से टकराते हुए उछल कर आगे जा गिरा और गाड़ी के टायर के नीचे आ गया। इसके बाद गंभीर हालत में



मृतक अजीत का फाइल फोटो।

अजीत को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजीत दिहाड़ी मजदूरी करता था और एक छोटी बच्ची का पिता था। परिजनों ने बताया कि अब अजीत की मौत के बाद उसके घर में केवल उसकी पत्नी और छोटी बच्ची रह गई है। मामले के जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### हादसे में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

- शहर से सामान लेकर वीरवार की रात वापिस लौट रहे थे खखाना निवासी सतीश व पवन, सिलाना गांव के नजदीक हुआ हादसा

**झज्जर।** वीरवार की रात क्षेत्र के गांव सिलाना के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान जिले के गांव खखाना निवासी सतीश पुत्र रमेश के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई विकास ने बताया कि उसका भाई सतीश, पवन के साथ कुछ सामान लाने के लिए मोटरसाइकिल पर झज्जर आया था। जब वे दोनों रात करीब नौ बजे सामान लेकर मोटरसाइकिल पर वापिस घर लौट रहे थे तो सिलाना गांव के नजदीक उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में सतीश व पवन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया जबकि पवन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मामले की जांच अधिकारी एसआई पूजा ने बताया कि मृतक के भाई विकास की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद बहादुरगढ़ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया। इसके तहत मेन बाजार और सब्जी मंडी में नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिंकजा कसा गया। बाजार में कई दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। वहीं कई दुकानदारों के चालान काटे गए। अभियान में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ व



जेई भी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने दुकानों और ठेलों पर जांच की। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर कुल चार चालान किए गए। तीन चालान तीन हजार के तो एक चालान पांच हजार रुपये का रहा। नगर परिषद की टीम ने इस दौरान मेन बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए भी सख्ती दिखाई। सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर किए गए कब्जों को हटवाया गया, जिससे बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। नगर परिषद के एसडीओ जोगेंद्र सिंधु ने दुकानदारों को हिदायत दी कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# फर्जी ट्रांजेक्शन स्लिप दिखाकर चार लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शास्त्री नगर निवासी एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन स्लिप के जरिए 4 लाख रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। वारदात कृष्ण के साथ हुई है। कृष्ण का कहना है कि उन्होंने एक फर्म खोल रखी है, जिसके माध्यम से वे ग्राहकों को रुपये ट्रांसफर करने की सेवा प्रदान करते हैं। गत 25 फरवरी 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर संपर्क कर वॉलेट आईडी बनवाई। इसके बाद 27 फरवरी को उसी व्यक्ति ने कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर दावा किया कि उसने एसबीआई खाते में 4 लाख रुपये जमा कर दिए हैं और इसकी स्लिप व्हाट्सएप पर भेज दी। हमने स्लिप पर दिए गए ट्रांजेक्शन आईडी को अपने खाते से मिलाया, जो सही प्रतीत हुआ। बार-बार कॉल करने पर आरोपी के कहने पर उसने उक्त राशि आरोपी के वॉलेट में क्रेडिट कर दी। करीब 2-3 घंटे बाद रोहतक निवासी एक अन्य ग्राहक शिवम ने कॉल कर बताया कि उसने चार लाख रुपये भेजे हैं। जांच करने पर पता चला कि वही राशि पहले आरोपी द्वारा दिखाई गई थी। बैंक में जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी द्वारा भेजी गई स्लिप फर्जी थी।

## देश-विदेश में प्रसिद्ध है झज्जर की माटी कला, इस बार अच्छे व्यवसाय की उम्मीद

# तपिश से गर्म हुआ सुराही व मटकों का बाजार, कई प्रदेशों से आए ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दिनों दिन बढ़ती जा रही गर्मी के साथ-साथ मटके, सुराही व जलकुंडी की डिमांड बढ़ रही है। गर्मी में ठंडे पानी के लिए देशभर में अपनी पहचान बना चुकी झज्जर की झझरी अर्थात सुराही शहर के कारीगरों द्वारा तैयार की जा रही है। मिट्टी के बर्तनों व शिल्पकला के अन्य उत्पादों में अपनी पहचान बना चुके झज्जर के छावनी मोहल्ले के कारीगर करीब एक पखवाड़े से सुराही तैयार करने में जुटे हैं। सुराही के कारीगर महाबीर ने बताया कि वे अभी से जयपुर व पंजाब के अमृतसर के दो गाड़ियों के ऑर्डर पूरा कर चुके हैं। अब वे तीसरे ऑर्डर की तैयारी में जुटे हैं।

महाबीर की मानें तो जितनी सुराहियां इन दिनों में तैयार कर रहे हैं उससे कहीं और अधिक ऑर्डर उनके पास हैं। मौसम अभी उनके



झज्जर। सुराही तैयार करने में जुटे कारीगर महाबीर।

अनुकूल हैं इसलिए उनके द्वारा सुराही तैयार करने के कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है। एक दिन में वे औसतन करीब पचास सुराही तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा मायानगरी मुबंई, नासिक, पुणे, अमदाबाद, भोपाल व आगरा आदि बड़े शहरों से भी सुराही के लिए ऑर्डर आते हैं। महाबीर ने बताया कि उनके यहां वेद व राजू का परिवार भी सुराही के ऑर्डर तैयार करने में जुटा है।

**चंद कारीगरों के पास रह गई है सुराही बनाने की कला :** सुराही के कारीगर महाबीर ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में अपनी ठंडक की धूम मचाने वाली सुराही की बिक्री अब बढ़ती महंगाई के चलते दम तोड़ने लगी है। पहले जहां अकेले छावनी मोहल्ला में सैकड़ों परिवार माटी के व्यवसाय के सहारे चलते थे वहीं अब धीरे-धीरे सुराही बनाने की यह कला चंद कारीगरों के पास रह गई है।

### 800 मटकों का ऑर्डर आया : नरेश बेडवाल



मटका बनाने वाले कारीगर नरेश बेडवाल ने बताया कि अबकी बार सीजन अच्छा है। उसके पास अभी से 800 मटकों का ऑर्डर आया हुआ है। वह दिन-रात मेहनत कर एक दिन में औसतन 25 से 30 मटके ही बनाता है। वह एक सौ रुपये के थोक रेट वाले मटके तैयार करता है। गर्मी के इस मौसम में जहां सुराही की डिमांड अधिक है वहीं टूटी वाले मिट्टी के कैंपर व मटके भी लोगों को खूब लुभा रहे हैं। मिट्टी के बर्तन विक्रेता शांति देवी व लक्ष्मण ने बताया कि उनके पास 300 रुपये में कैंपर तथा 150 से 200 रुपये कीमत तक वाला मटका उपलब्ध है। इसके अलावा मिट्टी की वाटर बॉटल, छोटी मटकियां, सुराही आदि की बिक्री भी जोर पकड़ रही है।

### जल कुंडी की बिक्री बढ़ी

कृष्ण मिट्टी कला उद्योग के संचालक जैकी ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए उनके पास हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के सामाजिक संगठनों व एनजीओ से पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध करने के उपयोग में लाई जाने वाली जलकुंडी बनाने के ऑर्डर आ रहे हैं। वे जहां करीब दस हजार जलकुंडियों का ऑर्डर दे चुके हैं वहीं अभी भी कई ऑर्डर शेष हैं। उनका यह सीजन अगस्त माह तक चलेगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास न होने पर फूंका पुतला



झज्जर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास न होने से आक्रोशित महिलाओं ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली गेट क्षेत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़ ने कहा कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया में अवरोध नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति विपक्षी दलों की गंभीर उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों के रुख पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम भारतीय लोकतंत्र के लिए निराशाजनक है और इसे केवल एक विधेयक की असफलता नहीं, बल्कि करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सपनों पर आघात के रूप में देखा जाना चाहिए, जो राजनीति में समान और सशक्त भागीदारी की अपेक्षा रखती हैं। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान के इस मुद्दे पर देश की जनता सब देख रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रेखा यादव, रेनु सासरोली, नीता वाल्मीकि, अनिता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style



# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गनः मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अधिकारी।

### समाधान शिविरों में 5917 शिकायतें प्राप्त, 209 पेंडिंग

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को आयोजित वीसी के माध्यम से जिला में समाधान शिविरों के तहत प्राप्त हुई जिले से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5917 शिकायत प्राप्त हुई हैं इनमें से केवल 209 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। वीसी उपरांत जिलाभर के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सोलर मोटर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने सोलर मोटर चोरी के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 20 मार्च को टांडाहेड़ी के निवासी दीपक ने मोटर चोरी की शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

*यादव धर्मशाला से आंबेडकर चौक तक सरकार विरोधी नारे लगाते हुए पहुंचे सफाईकर्मी*

# सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर झाड़ू उल्टा कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू उल्टा कर प्रदर्शन किया। सभी कर्मचारी करीब 11 बजे स्थानीय यादव धर्मशाला के नजदीक एकत्रित हुए। जुलूस की शक्ल में उल्टी झाड़ू हाथों में लिए सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आंबेडकर चौक तक पहुंचे। वे अपनी लंबित मांगों व अग्निशमन विभाग के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका यह प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहेगा।

यूनियन के इकाई प्रधान शिवम ने बताया कि इसके अलावा 27 व 28 अप्रैल को कर्मचारियों द्वारा 8-8 घंटे की कार्मिक भूख हड़ताल की जाएगी। यदि सरकार फिर भी उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं देती तो वे 1 व 2 मई दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल करेंगे। यदि फिर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है तो हड़ताल को अनिश्चितकाली हड़ताल में बदल दिया जाएगा। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, जब तक पक्के नहीं होते तब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देना, 400 की आबादी के हिसाब से एक कर्मचारी की नियुक्त करना, शहर की जनसंख्या को देखते हुए नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों की भर्ती करना, सेवानिवृत पर सफाई कर्मचारी को 10 लाख रुपये की राशि प्रदान करना आदि शामिल हैं। इस प्रदर्शन में इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, जिला सचिव गौरव, ऑडिटर कृष्ण, मुकेश, जितेंद्र, विकास, गुलाटी, शीतल, कमलेश, बबली, किरण, मनीषा, विनोद, बबीता, सुनीता, विद्या, राजेश, विक्रम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। आंबेडकर चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।




बहादुरगढ़। शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे, रोष जताया

**बहादुरगढ़।** अग्निशमन विभाग के हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में शुक्रवार को सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारियों ने शहर में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए मांग उठाई। सुबह इंदिरा पार्क में कर्मचारी एकत्र हुए। इसके बाद रैली निकालते हुए रेलवे रोड होते हुए नगर परिषद बहादुरगढ़ तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन सचिव अमित ने किया। राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, इकाई उपप्रधान अजय, वरिष्ठ उपप्रधान लीला राम, कैशियर मुकेश दरोगा, सह सचिव होशियार सिंह दरोगा, ऑडिटर सुनील सहित कई कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल थे। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की और सरकार से जल्द समाधान की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन का शनिवार को भी शहर में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 27 व 28 अप्रैल को आठ-आठ घंटे की भूख हड़ताल होगी। आगामी 1 व 2 मई को पूर्ण हड़ताल की जाएगी।

## सड़क पर डेंजर जोन की पहचान कर रिपोर्ट तैयार करें: उपायुक्त




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

- सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में यातायात व्यवस्था पर किया मंथन
- डीसी ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले की सीमा में सुरक्षित और जाम फ्री यातायात सुविधा शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और ठोस प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की संभावित लोकेशन की पहचान करें। सड़क के डिजाइन में कोई गलती है तो उसकी रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल वाहन जो सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत नियमों को पूरा नहीं करते उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर आवश्यक संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग, स्ट्रीट लाइट और क्रैश बैरियर जैसे सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएं।

# चेयरमैन कौशिक ने आसौदा खरीद केंद्र का दौरा किया

- मंडी में अपना अनाज लेकर आए किसानों और खरीद कर रहे आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने आसौदा खरीद केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में अपना अनाज लेकर आए किसानों और खरीद कर रहे आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। विनोद कौशिक ने कहा कि मंडी और खरीद केंद्रों पर किसानों की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद केंद्र पर फसलों की आवक और खरीद की स्थिति की समीक्षा की। मंडियों और खरीद केंद्रों पर बिजली, पानी, सफाई सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव अंजू बाला, सहसचिव शशि मोहन, फूड एंड सप्लाई विभाग से उप निरीक्षक धर्मपाल के अलावा विरेंद्र, बलवान सिंह, जयप्रकाश, अमरजीत, रामनिवास, कपिल, सुमित, संजय, जगबीर, रामप्रकाश, शिव नारायण, राजू व दलजीत आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। आसौदा खरीद केंद्र का निरीक्षण करते चेयरमैन विनोद कौशिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने मंडियों में गेहूं खरीद के साथ लिफ्टिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

**झज्जर।** जिले की मंडियों में गेहूं की आवक और खरीद प्रक्रिया जारी है। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले की मंडियों में रबी सीजन की फसलों की खरीद के साथ ही उपज की नियमानुसार लिफ्टिंग पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस है। जिलाभर की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर उपज का उठान कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में गेहूं की 2 लाख 30 हजार 909 मीट्रिक टन की आवक दर्ज जबकि 1 लाख 54 हजार 645 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, जबकि अब तक 58.8 प्रतिशत उपज का उठान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके।

### अब तक 1 लाख 36 हजार 930 क्विंटल गेहूं खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्षेत्र की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। शुक्रवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 12 गेट पास जारी होने के बाद 354.5 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं आसौदा मंडी में 21 गेट पास कटने के बाद 1171 क्विंटल गेहूं पहुंचा। मंडी प्रशासन के अनुसार, अब तक बहादुरगढ़ और आसौदा दोनों मंडियों में कुल मिलाकर 1 लाख 56 हजार172 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से 1 लाख 36 हजार 930 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी है। लिफ्टिंग कार्य भी जारी है। बहादुरगढ़ मंडी में अब तक 81.23 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है, जबकि आसौदा मंडी में 43.63 प्रतिशत उठान दर्ज किया गया है।

# लंबित मांगों को लेकर गरजीं आंगनबाड़ी वर्कर्स

- एक तरफ सरकार मना रही पोषण पखवाड़ा, दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में दो माह से नहीं पहुंच रहा राशन
- ऑनलाइन कार्य के लिए पुराने फोन की बजाय नए 5जी फोन और सिम उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर लघु सचिवालय के बाहर ग्रीन बेल्ट में एकत्रित हुईं। यहां धरना देने के बाद वे जुलूस की शक्ल में नारे बाजी करते हुए लघु सचिवालय पहुंची। जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की प्रधान बालेश जाखड़ ने कहा कि कर्मचारियों को पिछले 10 महीनों से केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाला मानदेय नहीं मिला है। लंबे समय से आंगनबाड़ी भवनों का किराया भी लंबित है। इनके अलावा पिछले दो महीनों से आंगनबाड़ी केंद्रों में राशन भी नहीं पहुंचा है, जबकि सरकार 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा चला रही है। ऐसे में बिना राशन के पोषण अभियान चलाना केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्रवाई दिखाने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उनसे झूठी रिपोर्ट भरवाई जा रही है। सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों को कुशल व अर्द्धकुशल का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने सहित विभिन्न मांगों के समाधान की अपील की गई है।

**विरोध प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन**





झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर, प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर। फोटो : हरिभूमि

**मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन**

यूनियन प्रधान बालेश कादियान ने बताया कि सरकार द्वारा ऑनलाइन काम के लिए दिए गए मोबाइल फोन भी कर्मचारियों के लिए परेशानी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मुश्किल से पांच फोन ही ठीक हालत में मिलेंगे, जबकि काम का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यूनियन ने सरकार से पुराने फोन वापिस लेकर सिम और रिचार्ज सहित 5जी मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगी।

### मोहिनी एकादशी व्रत से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : गुलशन शर्मा

**झज्जर।** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की आराधना से सुख-समृद्धि बढ़ती है। मान्यतानुसार इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु ने समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश को दानवों से बचाने के लिए मोहिनी रूप धारण किया था। मोहिनी एकादशी का व्रत सुख-समृद्धि और शांति प्रदान करता है। मोहिनी एकादशी का उपवास करने से मनोकामना पूर्ण होती है। एकादशी को भगवान विष्णु का विशेष दिन माना जाता है। एकादशी व्रत सोमवार को रखा जाएगा। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि मोहिनी एकादशी का व्रत करने से मनुष्य अपने सभी मोह बंधनों से मुक्त हो जाता है। इस दिन स्नान के पानी में गंगा जल मिलाकर स्नान करना श्रेष्ठ माना जाता है। भगवान से अपने व्रत को सफल बनाने की प्रार्थना करनी चाहिए। मोहिनी एकादशी व्रत को करने से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा आती है जो उसे निरोग बनाने में सहायक होती है।



पंडित गुलशन शर्मा।

### निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर दाखिले अनिवार्य

**झज्जर।** नए शैक्षणिक सत्र के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर दाखिले को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी निर्देशानुसार आरटीई एक्ट की धारा 12 (1) (C) के अंतर्गत पहली और उससे पूर्व की कक्षाओं (प्री-प्राइमरी सहित) में प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमबद्ध बनाने पर जोर दिया गया है। निर्देशों में बताया गया है कि संबंधित विद्यालय के 0 से 1 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले पात्र बच्चों को आरक्षित सीटों पर प्रवेश देना अनिवार्य होगा। यदि कोई विद्यालय अपनी इच्छा से 1 से 3 किलोमीटर की दूरी तक के बच्चों को प्रवेश देता है तो विभाग द्वारा नियमानुसार उनकी फीस की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा यह भी लिखा है कि यदि 3 किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले बच्चों को कोई विद्यालय अपने स्तर पर दाखिला देता है तो ऐसे मामलों में सरकार द्वारा किसी प्रकार की फीस प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए सरकार ने 11 मई 2022 की अधिसूचना के अनुसार वार्षिक आय सीमा 1.80 लाख रुपये तय की है। शिक्षा विभाग ने सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं ताकि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके।




झज्जर। कार्यक्रम में जिला पार्षद व अधिकारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन कप्तान बिरधाना। फोटो : हरिभूमि

### ग्राम पंचायत की आय बढ़ाने को दुकानें व सामुदायिक भवन बनवाने पर की चर्चा

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना, ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी ढंग से लागू करना तथा ग्राम स्तर पर सुशासन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के माध्यम से विकास कार्यों को गति प्रदान करने, विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करे, ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता, जल सरंक्षण एवं डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने, महिलाओं एवं कमजोर वर्ग की भागीदारी को मजबूत करने व ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए पंचायती जमीन पर दुकान, सामुदायिक भवन आदि का निर्माण करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी निशा तंवर, जिला पार्षद अमित भोलू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*सीएम ने वीसी के माध्यम से ली नीट परीक्षा की समीक्षा बैठक*

# तीन मई को आठ केंद्रों पर होगी नीट-यूजी परीक्षा

- परीक्षार्थियों को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से आगामी तीन मई को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा 2026 के सुचारू संचालन के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अब तक किए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। वीसी उपरांत डीसी ने कहा कि नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, बिजली, स्वच्छ शौचालय एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि एनटीए द्वारा आगामी 3 मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिनमें लगभग 2300 बच्चे भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। जबकि परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।



झज्जर। वीसी उपरांत नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### जनगणना प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए स्व-गणना करें नागरिक : एसडीएम

**झज्जर।** एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत नागरिक आगामी 30 अप्रैल तक निर्धारित पोर्टल एसई.सीईएनएसयूएस.जीओवी.इन के माध्यम से स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। इससे समय की बचत के साथ-साथ प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि नागरिक स्व गणना के लिए 16 भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। फार्म में कुल 33 सवालों के जवाब देने होंगे।



रेणुका नांदल

**GOVT. SR. SEC. SCHOOL, BUPANIA (3114) DISTT. JHAJJAR (HARYANA)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा०व०मा०वि० बुपनिया ब्लॉक-बहादुरगढ़, जिला झज्जर के कंडम भवन को नीलामी दिनांक 06.05.2026 को प्रात: 11.30 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। जिसकी अनुमानित राशि पांच लाख बीस हजार छह सौ पचास रूपए Rs-5,20,650/- है। इच्छुक बोलीदाता को आरक्षित मूल्य की 10% राशि का डिमांड ड्राफ्ट "जिला शिक्षा अधिकारी-झज्जर" (D.E.O) के नाम देना होगा। सफल बोलीदाता को कुल कीमत का 100% डिमांड ड्राफ्ट तुरंत विद्यालय मुखिया के नाम जमा कराना होगा। जोकि तुड़ाई का कार्य आरम्भ करने या नीलामी के सात दिन के अंदर जमा करवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा 10% धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी के उपरांत तथा समय सीमा में सारा मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा अन्यथा उपरोक्त राशि जब्त कर ली जाएगी। विद्यालयमुखिया की N.O.C उपरांत ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशि वापिस की जाएगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। संपर्क करें : 9416636036 (प्राचार्य) और 9467240306 (क्लर्क)

Principal
Govt. Sr. Sec. School, Bupania (3114)
Jhajjar

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा ने भापड़ोदा में अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। बाईपास के निकट से काबू किए आरोपी की पहचान आदित्य के रूप में हुई है। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल बरामद हुई। उसके खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया है।

### ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** माजरी-बादली रोड पर गुरुकुल के पास एक ट्रॉली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। इस संबंध में बादली थाना पुलिस ने ट्रॉली मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल की पहचान बादली के निवासी नरेश के रूप में हुई है। नरेश का कहना है कि वह बाइक पर सवार होकर माजरी से अपने गांव लौट रहा था। माजरी-बादली रोड पर गुरुकुल के पास पहुंचा तो सड़क के बीचों-बीच खड़ी एक ट्रॉली से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में उसे काफी चोट आई। कुछ ही देर बाद उसी ट्रॉली से एक और मोटरसाइकिल चालक टकरा गया।

### रास्ता रोककर युवक पर किया हमला

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के निवासी एक युवक पर कुछ युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह अपने निजी कार्य से लाइनपार क्षेत्र में गया हुआ था, तभी पीछे से आए हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित का कहना है कि योगेश नाम के शख्स ने पहले उसके साथ मारपीट शुरू की और उसकी बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद आरोपी ने अपने भाई योगेंद्र को फोन कर मौके पर बुला लिया।

### एसयूसीआई ने लाइनपार में किया जनसंपर्क

**बहादुरगढ़।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लाइनपार के अशोक नगर, 22 फुटा रोड, वत्स कॉलोनी, सुभाष नगर और शंकर गार्डन आदि बस्तियों में जनसंपर्क अभियान चलाकर रविवार को रोहतक में होने वाली जनसभा का निमंत्रण दिया। जिला कमेटी सदस्य कामरेड रामकिशन ने पर्चे बांटते हुए रोहतक में दिल्ली बाइपास के निकट यादव धर्मशाला में होने वाले स्थापना दिवस समारोह का न्योता दिया।

## संगत ने हाजरी लगाकर गुरुघर की 'खुशियां पाई'

# सचखंड साहिब में 20वां भव्य बैसाखी गुरुमत समागम शुरू

### अखंड पाठ से शुरुआत, रविवार को विशेष दीवान व लंगर लगेगा

- *आयोजन का उद्देश्य गुरमत विचारधारा का प्रसार और युवाओं को सिख इतिहास से जोड़ना रहा*
- *सेवा, सिमरन और कीर्तन की भावना को मजबूत करने पर विशेष जोर*

*ग्रंथी अवतार सिंह, जोगेंद्र सिंह व भाई मनमीत सिंह द्वारा कीर्तन प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। गुरुद्वारा सचखंड साहिब में शुक्रवार को अखंड पाठ करते पाठी।

गुरुद्वारा सचखंड साहिब प्रबंधक कमेटी द्वारा बैसाखी पर्व एवं गुरुनानक चैरिटेबल डिस्पेंसरी के 20वें सालाना गुरुमत समागम का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जा रहा है। समागम की शुरुआत शुक्रवार को श्री अखंड पाठ साहिब जी के शुभारंभ के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी लगाकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं।

गुरुद्वारा सचखंड साहिब के प्रधान डॉ. सोहन लाल अरोड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में गुरमत विचारधारा का प्रसार करना, युवा पीढ़ी को सिख इतिहास और परंपराओं से जोड़ना तथा सेवा, सिमरन और कीर्तन की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि रविवार प्रातः अखंड पाठ साहिब का भोग श्रद्धा पूर्वक डाला जाएगा। समागम के अंतिम दिन रविवार को विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया जाएगा। गुरुद्वारा जटवाड़ा मोहल्ला के ग्रंथी अवतार सिंह द्वारा कीर्तन से संगत को निहाल किया जाएगा। इसके उपरांत स्त्री सत्संग सभा कीर्तन प्रस्तुत कर गुरु महिमा का गुणगान करेगी। गुरुद्वारा सचखंड साहिब के ग्रंथी जोगेंद्र सिंह भी अपनी मधुर वाणी से संगत को आध्यात्मिक संदेश देंगे। इसके अलावा खालसा कॉलेज के प्रसिद्ध रागी जत्था भाई मनमीत सिंह द्वारा विशेष कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। समागम में दूर-दराज से संत-महापुरुषों की भी भागीदारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के रियासी स्थित डेरा बंदा बहादुर के गद्दीनशीन बाबा जितेंद्र पाल सिंह जी सोढ़ी की विशेष उपस्थिति इस आयोजन को गरिमा प्रदान करेगी। कार्यक्रम के अंत में अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी धर्मों और वर्गों के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# छात्र हितों में व्यवस्था परिवर्तन के लिए लड़ रहे लड़ाईः दुष्यंत चौटाला

### 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में होगी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिहं चौटाला।

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि छात्र हितों के लिए प्रदेशभर के युवाओं एवं सामाजिक लोगों की एक महापंचायत हिसार में होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में एक पार्टी विशेष की आइडियोलॉजी को प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए तो अनुमति दी जाती है लेकिन अन्य किसी भी छात्र संगठन को विश्वविद्यालयों में नहीं घुसने दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसी खराब व्यवस्था के खिलाफ उनका ये संघर्ष है और इसी कड़ी में छात्रों हितों के लिए महापंचायत बुलाई गई है। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 27 अप्रैल को अपने बच्चों के भविष्य के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग इकट्ठा होकर हिसार के क्रांतिमान पार्क में पहुंचे। उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं हरियाणा सरकार भी हिसार घटनाक्रम के दोषी पुलिस वालों को बचाने में लगी हुई है और छात्र हित में लड़ी जा रही इस लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम संघर्ष जारी रखेंगे। पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष या विभाग से नहीं है बल्कि पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस द्वारा रची गहरी साजिश का पर्दाफाश करने और छात्र हित में व्यवस्था परिवर्तन के लिए है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जांच के लिए एसआईटी तो गठित कर दी लेकिन एसआईटी का इंचार्ज ऐसे डीएसपी को बनाया है जो खुद रात को कार्यकर्ताओं की धरपकड़ करने गई टीम में शामिल थे, जिसकी वीडियो फुटेज हमारे पास है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान राज सिंह दहिया, कर्नल एसएस राठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़, जिला प्रधान संजय दलाल, महिला जिला अध्यक्ष शीला गोदारा, प्रदेश प्रवक्ता अजय गुलिया, उपेंद्र कादियान, जिला प्रवक्ता विकास पाराशर, मिंटू ठेकेदार, संदीप अहलावत, राजीव दलाल, धर्मेंद्र गुलिया, नसीब भारतीय, भूपेंद्र गहलावत, नसीब सोनू, सविन पंघाल, प्रवेश निमाना, आशीष कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## एचएल सिटी के नीलकंठ महादेव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा


बहादुरगढ़। नकुल दिनेश कौशिक का स्वागत करते मंदिर समिति पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में शुक्रवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राम दरबार व खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विद्वान पंडितों के सान्निध्य में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ। हवन, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के साथ देव प्रतिमाओं को विधिवत स्थापित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश कौशिक के पुत्र नकुल कौशिक ने मुख्य रूप से शिरकत की। मंदिर समिति प्रधान रोहित जमदग्नि, जयकिशन, बिट्टू सहरावत व रविंद्र माथुर ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। नकुल कौशिक ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उनके अनुसार राम दरबार और खाटू श्यामजी की प्राण प्रतिष्ठा से आध्यात्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण किया गया।

## दस दिवसीय नारी शक्ति वंदन अभियान का हुआ समापन


झज्जर। सरकार की योजनाओं का प्रचार करते हुए भजन पार्टी कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिलाभर के ग्रामीण आंचल में पिछले दस दिनों से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन प्रचार अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। यह अभियान महिला जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में विभाग की भजन मंडलियों ने लोकगीतों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया।

## सखी मिलन समारोह में जुटीं पूर्व छात्राएं

- वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में उत्साह के साथ हुई एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में सांस्कृतिक हरियाणवी प्रस्तुति देती छात्राएं।

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जेजे हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. ज्योति मलिक ने छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पण, निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्राओं को पारंपरिक तिलक लगाकर औपचारिक स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि पूर्व छात्राएं शैक्षणिक संस्थान की सशक्त पहचान और अमूल्य धरोहर होती हैं। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। उनके अनुसार पूर्व छात्राएं वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। हरियाणवी गीत एवं समूह नृत्य विशेष आकर्षण रहे। इसके पश्चात पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय से जुड़ी मधुर स्मृतियों को याद किया और अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों का स्मरण किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शालू शर्मा की देखरेख में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अनीता दलाल, डॉ. नेहा नैन, मंजीत भारतीय, शिखा तिवारी, कोमल हुड्डा, डॉ. भारती मिश्रा, सुजाता वर्मा व प्रवेश दहिया आदि मौजूद रहे।

## कार्रवाई नहीं हुई तो सीएम के पास पहुंचे पीड़ित एजेंसी संचालक


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से न्याय की गुहार लगाते आरबी गौड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक टू-व्हीलर एजेंसी के संचालक ने धमकी मिलने की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से खिन्न होकर दिल्ली में सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। पीड़ित आरबी गौड़ ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुलिस ने जब आरोपी को बुलाया तो वो पुलिस के सामने भी धमकी दे रहा था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अनेक गरीब लोग पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने से तंग आकर बहादुरगढ़ छोड़ चुके हैं। सीएम ने पीड़ित की शिकायत सुनने के बाद पुलिस आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं।

## पेपर रीडिंग प्रतियोगिता में मंदीप रहा प्रथम



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग और अंग्रेजी साहित्य परिषद के तत्वावधान में पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीकिशन चाहर ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र मंदीप ने पहला स्थान प्राप्त किया। एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा देवकी दूसरे स्थान पर रही, जबकि एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## संस्कारम स्कूल के कैडेट आयुष ऑल इंडिया एडवेंचर कैंप में चयनित


झज्जर। एनसीसी कार्यवाहक के साथ उपस्थित कैडेट आयुष यादव।

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के एनसीसी कैडेट आयुष यादव का चयन ऑल इंडिया एडवेंचर कैंप के लिए हुआ है। एनसीसी कार्यवाहक मनीष योगी ने बताया कि यह कैंप हिमाचल प्रदेश के रामपुर में 18 से 26 मई तक आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के कैडेट्स हिस्सा लेंगे। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने आयुष को बधाई दी। विद्यार्थियों को दिए अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प ही सफलता की असली कुंजी है। चयन प्रक्रिया के दौरान कमांडिंग ऑफिसर वीरेंद्र मोहन सिंह, सूबेदार मेजर राकेश कुमार, बीएचएम रोहतास, किशन, जोगिंदर, अनिल और सूबेदार पंडित आनंदा चौगुले सहित कई सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्रिगेडियर रण सिंह स्कूल में होनहारों का किया सम्मान



**झज्जर।** ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन नंदिता अहलावत ने बताया कि उनके संस्थान में वंशिका ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। केशव 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व प्रियांशु 94.2 फीसदी अंकों के साथ तृतीय रहा। सभी होनहार विद्यार्थियों को टैब देकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले वंशिका और केशव गुप्ता व अन्य विषयों में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया गया।

## डीएवी ने 6-3 से जीता फुटबॉल मैच


बहादुरगढ़। दोनों फुटबॉल टीमों के साथ एसएचओ सतीश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को सैनिक पब्लिक स्कूल तथा डीएवी स्कूल की टीमों के बीच फुटबॉल मैच आयोजित किया गया। अंडर-16 आयुवर्ग का यह मैच डीएवी के फुटबॉलरों ने 6-3 से जीत लिया। सैनिक पब्लिक स्कूल में हुए मैच में ट्रेफिक एसएचओ सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है। मैच में प्रियांशु जून ने रेफरी का कार्यभार संभाला। कमेंट्री का दायित्व नेहा चौधरी ने निभाया। सैनिक पब्लिक स्कूल के कप्तान वंश तथा उपकप्तान मोहक द्वारा 3 गोल किए गए। जबकि ओम पाण्डे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 गोल दागकर डीएवी की जीत में अहम भूमिका निभाई। डीएवी की टीम की ओर से दीपक, अगमवीर, रुद्र, अर्जुन, धैर्य, अलंकृत, मयंक शर्मा, परीक्षित व अंशु ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने भी फुटबॉल खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## उद्यमियो ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की कार्रवाई पर उठाए सावाल

# तत्काल क्लोजर की बजाय नोटिस दे सीएक्यूएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते कोबी पदाधिकारी व सदस्य।

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज की बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा औद्योगिक इकाइयों पर की जाने वाली निरीक्षण प्रक्रिया एवं तत्काल क्लोजर नोटिस जारी करने की कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्यमियों के अनुसार सीएक्यूएम का निरीक्षण पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से आवश्यक है। परंतु आवश्यक कंसेंट एवं अनुमति के साथ आवश्यक मरम्मत कार्य के दौरान भी सीएक्यूएम बिना वास्तविक परिस्थिति को समझे और बिना सुधार का अवसर दिए सीधे तत्काल क्लोजर नोटिस जारी कर देता है। अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के मार्गदर्शन में हुई बैठक में उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, रवि चमरिया, दीपक शर्मा व पुरुषोत्तम गोयल आदि मौजूद रहे। उनका मानना है कि उद्योग के ऊपर उत्पादन के साथ ही कर्मचारियों के वेतन, उनके परिवारों की आजीविका, घरेलू आपूर्ति, निर्यात ऑर्डर, बैंक लोन, सरकारी देनदारियां, सप्लायर भुगतान तथा अनेक वित्तीय और सामाजिक उत्तरदायित्व भी जुड़े होते हैं। ऐसे में बिना सुधार का अवसर दिए किसी उद्योग को तत्काल बंद कर देना न केवल उद्योग के लिए, बल्कि उससे जुड़े सैकड़ों परिवारों के लिए भी गंभीर संकट उत्पन्न कर देता है। इस प्रकार की कार्यवाही उद्योगों का मनोबल तोड़ती है और निवेश एवं विकास की भावना को कमजोर करती है।

#### उद्योगों को सुधार का समय दें

कोबी ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री, सीएक्यूएम के चेयरमैन, तकनीकी टीम प्रमुख, हरियाणा के मुख्यमंत्री, हरियाणा उद्योग महानिदेशक एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि ऐसी परिस्थितियों में तत्काल क्लोजर नोटिस जारी करने के स्थान पर उद्योगों को कम से कम 30 से 60 दिनों का नोटिस पीरियड दिया जाना चाहिए। ताकि वे अपनी कमियों को दूर कर सकें और आवश्यक अनुपालन पूर्ण कर सकें। क्योंकि कई बार आवश्यक उपकरण उपलब्ध होने में भी समय लग जाता है। आवश्यक होने पर इस अवधि में पेनल्टी भी लगाई जा सकती है, परंतु बिना सुधार का अवसर दिए तत्काल बंदी उद्योगों और कर्मचारियों दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध होती है। कोबी सदस्यों ने कहा कि सरकार उद्योगों को